## खबर संक्षेप

### इनर व्हील क्लब मंडला ने हरे माधव वाटिका में किया पौधारोपण



**मण्डला।** इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा हरे माधव वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आम, पीपल, जामुन, यूकेलिप्टस, अशोक और नीम जैसे ऑक्सीजन देने वाले पौधों का रोपण किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा, सचिव सुनीता पमनानी सहित प्रिया पमनानी, कमला बानी, अनीता चंद्रोल, बेबी भाटिया, अंकिता केशरवानी, अनीता राय, अनीता अग्रवाल, रिया तपा और आरती तिवारी जैसे सक्रिय सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा ने कहा कि "हर पौधा एक जीवन है, और हमें इसे बचाना और संवारना हमारी जिम्मेदारी है।" वहीं सचिव सुनीता पमनानी ने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण मिल सके।

### सुश्री सोनाली देव की अवकाश अवधि में संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा होंगे एसडीएम बिछिया

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया सुश्री सोनाली देव 7 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक अर्जित अवकाश पर रहेगी। सुश्री सोनाली देव भाप्रसे की अवकाश अवधि में संयुक्त कलेक्टर मंडला श्री सीएल वर्मा को अपने कार्य के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/अनुविभागीय दंडाधिकारी बिछिया का संपूर्ण कार्य संपादित किए जाने के आदेश दिए गए हैं।

## सरकार का प्रयास समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलाना : मंत्री श्रीमती संपतिया उइके

# जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

*** वॉश ऑन व्हील्स को दिखाई हरी झंडी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान आप सबकी मेहनत, समर्पण और लोगों के सहयोग से ही सफल हुआ है। जन सहभागिता से इस अभियान में जन आंदोलन का रूप लिया। जिले में बड़े पैमाने पर जल संरचनाओं पर काम हुआ है। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिला योजना भवन में आयोजित धरती आबा अभियान एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य द्वय शैलेष मिश्रा एवं संदीप सिंह, जयदत्त झा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, एडीएम राजेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती उइके ने कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान का समापन अवश्य हो रहा है किन्तु इसके अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियाँ सतत रूप से जारी रहनी चाहिए। प्रदेश में पहली बार जल गंगा संवर्धन अभियान में तकनीक के साथ बनाए गए खेत तालाब, कूप रिचार्ज पिट और अमृत सरोवर का सुखद परिणाम भी दिखने लगा है। मानसून की पहली ही बारिश में खेत तालाबों में पानी भरना शुरू हो गया है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन, जलदूत एवं जल सखियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बारिश की हर बूंद सहेजने, पुराने जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करने और जल संरक्षण के लिए नई संरचनाओं का निर्माण करने के लिए 90 दिनों तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। यह जल संरक्षण और पुनः उपयोग की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। जिले में इस अभियान के अंतर्गत जलदूत और जल दीदियां भी बनाई गई हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पानी बचाने के लिए यह जलदूत जल सुरक्षा के भी अग्रदूत बनेंगे। जिले में माय भारत पोर्टल पर 3700 वॉलेंटियर्स बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरूद्ध 5588 वॉलेंटियर ने अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए स्वयं को इस काम से जोड़ा है।

मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि जिले की 9 विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में पानी चौपाल का आयोजन किया। इसमें किसानों ने अपने गांव के खेतों, जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विचार विमर्श किया। इस अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार है जनभागीदारी। सरकार, शासन-प्रशासन, समाजसेवी और प्रदेश के आमजन ने इस अभियान में सहभागिता निभाई है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) भारत सरकार के प्रमुख मिशन हैं जो जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास और लाभ संतृप्ति के लिए समर्पित हैं। इस अभियान का लक्ष्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को खत्म करना और जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। अभियान में जनजातीय आबादी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। सरकार का यह प्रयास है कि समाज के हर तबके तक सरकार की योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों को पहुंचाना है।

कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि जनपद पंचायत मंडला द्वारा नवाचार के रूप में वॉश ऑन व्हील्स की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य हमारे आसपास साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण निर्मित करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन देश भर में व्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया था। इसका व्यापक असर दिखाई दे रहा है। मंत्री श्रीमती उइके ने मंच से आग्रह किया कि आप सब अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखें ताकि बरसात के मौसम में आप स्वस्थ रहें। प्रदेश स्तर पर जुलाई माह में पौधरोपण का भी कार्यक्रम शुरू किया जाएगा और आने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार पर लाड़ली बहनों को पुनः प्रदेश सरकार 250 रूपए की अतिरिक्त राशि बहनों को देने जा रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सर्वाधिक काम गोंडवाना वंश के शासनकाल में हुए हैं। वीरांगना रानी दुर्गावती ने जनकल्याण की दिशा में यह सार्थक पहल की थी। इसकी झलक हमें जबलपुर और उसके आसपास बनाए गए ताल-तालाबों के रूप में दिखाई देती है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की। इसके अंतर्गत प्राचीन जल संरचनाओं के पुर्नउद्धार के कार्य किए गए। साथ ही नवीन जल संरचनाओं का भी निर्माण किया गया। इन जल संरचनाओं के निर्माण से निश्चित ही क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और किसानों के आर्थिक उन्नति के द्वार खुलेंगे।

इस अवसर पर श्री प्रफुल्ल मिश्रा, संदीप सिंह, शैलेष मिश्रा, संदीप सिंगौर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके एवं अन्य अतिथियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। साथ ही धरती आबा अभियान के अंतर्गत लगाए गए शिविर में बनाए गए नवीन आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के उपरांत वॉश ऑन व्हील्स, स्वच्छता साथियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला योजना भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा धरती आबा अभियान अंतर्गत शिविर भी लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा व सुना गया।







### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**मण्डला।** माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट जिला मण्डला द्वारा आरोपी दुर्गा मीर्य पत्नी रोहित कुशराम, उम्र 25 वर्ष निवासी करौदाटोला भीमडोंगरी थाना मोतीनाला जिला मण्डला को धारा 302 भा.दं.सं. एवं एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)v में आजीवन कारावास एवं कुल 3000रू. अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रार्थी जगदीश कुशराम ने थाना मोतीनाला में उपस्थित होकर इस आशय की सूचना दी की दिनांक 26.05.2019 के दोपहर 1 बजे के आस-पास की बात है यह सुनील कुशराम के घर पर बैठा था कि तभी उसके चाचा की लड़की मनीषा ने आकर बतायी कि अम्मा को गर्दन में चोट लगी है तब वह वहां से अपने घर पहुंचा, घर पहुंचकर देखा की अम्मा खाट पर लेटी थी गर्दन पर किसी धारदार हथियार से कटे जैसा निशान दिखाई दे रहा था। पूरी खाट पर व जमीन पर खून फैला हुआ था। उसने अम्मा से पूंछा कि यह सब किसने किया, तो अम्मा कुछ नहीं बोल पा रही थी। वहां पर गांव के काफी लोग भी आ गये थे। इसके बाद उसका भाई रोहित कुशराम, उसकी चाची मीराबाई कुशराम व भांजा उमेश मरावी बिछिया अस्पताल अम्मा को इलाज के लिए लेकर गये हैं। उसकी अम्मा रमोतिन बाई कुशराम को किसी अज्ञात आदमी ने जान से मारने के नियत से धारदार हथियार द्वारा वार करके गर्दन में चोट पहुंचायी है। सूचनाकर्ता के उक्त सूचना पर थाना मोतीनाला में मर्ग क्रमांक 0/19 पंजीबद्ध किया गया। थाना मोतीनाला द्वारा उक्त बिना नंबरी के आधार पर थाना मोतीनाला में मर्ग क्रमांक 12/19 पंजीबद्ध करते हुए अपराध क्रमांक 34/19 धारा 307 भा.दं.सं. का दिनांक 26.05.2019 को कायम किया जाकर प्रकरण में विवेचना प्रारंभ की गयी। मार्ग जांच के दौरान पीड़िता से पूंछतांछ की गयी कि किसने गर्दन में वार करके चोटें पहुंचाये हैं, जो पीड़िता कुछ बोल नहीं पा रही है, केवल ओठ हिला रही है और बड़बडाने जैसी आवाज आ रही है।

# 4 आरोपियों से नगद सहित 35 लाख से अधिक की संपत्ति जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




दिनांक 29-30 जून 2025 की दरम्यानी रात्रि थाना बीजाडांडी की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खेरानी स्थित शीला फार्म (गद्दा फैक्ट्री) के पीछे खुले मैदान में तिरपाल का टेंट लगाकर, मेट बिछाकर एवं सर्च लाइट की रोशनी में ताश के 52 पत्तों पर रूपयों-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेला जा रहा है। सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु थाना बीजाडांडी से टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर चार व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया।

पकड़े गये आरोपी राकेश गुप्ता पिता राम नारायण गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कुआं थाना बहोरीबंद जिला कटनी, फूल सिंह लोधी पिता प्रभाल सिंह लोधी उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कुंवरपुर बजरंगगढ़ थाना पाटन जिला जबलपुर, अठई बर्मन पिता होरी लाल बर्मन उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 चौधरी मोहल्ला पाटन थाना पाटन जिला जबलपुर एवं संजय पटेल पिता मोती लाल पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम खलरी थाना सिहोरा जिला जबलपुर हैं।

उक्त आरोपियों के कब्जे से नगद रूपये 15,500/-, ताश के 52 पत्ते, टेंट के लिए उपयोग में लाई गई सामान, टॉर्च, 04 कार जिसमे सफेद रंग की टवेरा कार, सफेद रंग की बुलेरो, सिल्वर रंग की बुलेरो क्रमांक एवं नीले रंग की आल्टो कार क्रमांक तथा दो मोबाइल फोन जिसकी कुल अनुमानित मूल्य लगभग रूपये 35 लाख 36 हजार 550 रूपये है विधिवत जप्त कर चारों आरोपियों के विरुद्ध थाना बीजाडांडी में धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक पुष्प करण मुवेल, उप निरीक्षक नीलेश पटैल, उप निरीक्षक पंकज विश्वकर्मा, उप निरीक्षक कुंवर बिसेन, सहायक उप निरीक्षक छविलाल सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक चैनसिंह कुलस्ते, प्रधान आरक्षक जय पाण्डे, अभिषेक मिश्रा, संदीप मेवाड़ा, प्रमोद शर्मा, रोहित कुशवाहा तथा चालक आरक्षक विजय छिरा एवं सुरेश भटेरे शामिल रहें।

## सब जूनियर बालक फुटबॉल टीम का हुआ चयन



**मण्डला।** मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के द्वारा सब जूनियर बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता 5 जुलाई से 10 जुलाई के बीच प्रारम्भ होना है। जिसको लेकर जिला फुटबॉल संघ मंडला के द्वारा 29 जून को महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला मैं चयन ट्रायल लिया गया। जिसमे मंडला जिले के मोहगांव, नैनपुर, मंडला, मवई, घुघरी के सभी विकासखण्ड के 60 खिलाड़ियों ने चयन प्रकिया मैं शामिल हुए थे। जिसमे मंडला डी.एफ.ए की टीम का चयन किया गया। जिससे आगामी होने वाली प्रतियोगता मैं मंडला डी.एफ.ए.टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए जिला फुटबाल संघ के डॉ. दिलीप शर्मा, सचिव अनिल सोनी, सुनील दुबे, राजेश पाठक, भीष्म द्विवेदी, अनूप वासल, सत्यनारायण अग्रवाल, सुनील सराफ, चंद्रेश खरे, वेद प्रकाश कुलस्ते गोल्डी, स्वामी शारदातमानन्द, मतीन ख़ान, अभिनव जैन, जावेद ख़ान, समीर बाजपेई, महेंद्र श्रीवास, फुटबॉल कोच- पंकज उसराठे, पवन नंदा, अभिषेक यादव, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, प्रथम चौकसे, कुशल भवेदी सहित नगर के सभी खेल प्रेमियों ने भविष्य में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

**उपलब्धि** | **ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भारी कमी बनी चिंता का विषय**

# शासकीय स्कूलों में नामांकन ने तोड़ा रिकॉर्ड

*** शिक्षकों की मेहनत ने दिखाया रंग।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




जिले के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष कक्षा पहली में नामांकन ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। पिछली वर्ष की तुलना में 249 अधिक बच्चों का दाखिला दर्ज किया गया है। जिला शिक्षा केन्द्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सत्र 2024-25 में कक्षा पहली में शासकीय शालाओं में कुल 7,859 नामांकन हुए थे, जबकि चालू सत्र 2025-26 में 30 जून 2025 तक 8,108 नामांकन हो चुके हैं। यह आंकड़ा जिले में सरकारी स्कूलों में बढ़ते विश्वास और शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। प्रतिशत के लिहाज से यह वृद्धि 103.17% तक पहुंच गई है।

यह उपलब्धि उन शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने सरकारी स्कूलों की छवि को सुधारने और बच्चों को शासकीय शिक्षा की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है। यह संकेत है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर धीरे-धीरे सुधार की दिशा में अग्रसर है।

हालांकि, यह सफलता अधूरी है क्योंकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय स्कूल आज भी शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। जनजाति कार्य विभाग की लापरवाही और स्थानांतरण नीति 2025 के अनुचित क्रियान्वयन के चलते कई ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की संख्या और घट गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिले के मुख्यालय के आसपास के स्कूलों में आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जबकि दूरस्थ और आदिवासी अंचलों के स्कूल शिक्षक विहीन हैं। यदि इन अतिरिक्त शिक्षकों को सही ढंग से वितरण कर ग्रामीण इलाकों में भेजा जाए, तो जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में व्यापक सुधार संभव है।

नामांकन के बढ़ते आंकड़े निश्चित रूप से एक सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की आधारभूत संरचना और शिक्षक उपलब्धता को दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक इस सफलता को संपूर्ण नहीं माना जा सकता।

# प्रमुख अभियंता की तथ्यात्मक रिपोर्ट में शिकायत पाई गई निराधार

*** मंत्री श्रीमती उइके पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत और तथ्यहीन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बालाघाट ने जल जीवन मिशन के संबंध में प्राप्त शिकायत का परीक्षण कर बताया कि शिकायतकर्ता किशोर समरीते द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीनए मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण हैं। शिकायत में कोई भी साक्ष्य संलग्न नहीं किए गए थे, बल्कि सूचना के अधिकार के तहत विभागीय अधिकारी द्वारा पूर्व में भेजे गए पत्र को ही आधार बनाया गया।

प्रमुख अभियंता ने स्पष्ट किया कि बालाघाट खंड के कार्यपालन यंत्री द्वारा स्वयं शिकायतकर्ता को यह जानकारी दी गई थी कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है। इसके बावजूद उन्हीं जानकारियों को तोड़-मरोड़कर सार्वजनिक शिकायत के रूप में प्रस्तुत किया गयाए जिसमें कोई नया तथ्य या प्रमाण नहीं है।

प्रमुख अभियंता कार्यालय ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन की योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर किया जाता है तथा भुगतान भी स्थानीय खंड कार्यालय द्वारा माप पुस्तिका के सत्यापन के उपरांत होता है। ऐसे में प्रमुख अभियंता या उनके कार्यालय के कर्मचारी पर आरोप लगाना निरर्थक है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके पर भी जो आरोप लगाए गए हैं वे पूर्णतः असंगत हैं। मुख्य अभियंता मैकेनिकल संकाय द्वारा कोई निविदा जारी नहीं की जातीए अतः उन पर लगाए गए किसी भी प्रकार के आरोप तथ्यों से परे हैं।

प्रमुख अभियंता ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत अब तक मध्यप्रदेश के 70 प्रतिशत से अधिक परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है और शेष कार्य प्रगति पर हैं। योजनाओं की पूर्णता के उपरांत ही भारत सरकार को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजे जाते हैंए जिसकी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नियंत्रित है।

सभी तथ्यों के परीक्षण और विभागीय प्रक्रियाओं के अवलोकन के बाद यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ है कि शिकायत मनगढ़ंतए तथ्यहीन और दुर्भावनापूर्ण मंशा से प्रेरित है।

**खबर संक्षेप**

### यात्री प्रतिक्षालय न होने से यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज/ कौड़िया। एक ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पंचायतों द्वारा अनेक निर्माण कार्य कराने का ढ़ंडोरा पीटा जा रहा है मगर वही दूसरी ओर लोग आज भी अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझते हुए देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर अनेक ग्रामों में देखा जाता है कि पंचायतों व जनप्रतिनियों द्वारा लाखों रूपया खर्च कर ऐसे निर्माण कार्य करा दिया जाते है जिनका कोई उपयोग ही नही होता है और जहां जिसकी मांग व जरूरत होती है वहां वह निर्माण कार्य नही हो पाने से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है, कुछ इसी प्रकार की स्थिति जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत ग्राम कौड़िया में देखने को मिल रही है। जहां क्षेत्रवासियों ने हरिभूमि को जानकारी देते हुये बताया है कि ग्राम कौड़िया बाजार मुहल्ला में के प्रमुख चौराहे पर प्रतीक्षालय न होने के कारण यात्रियों को यहां वहां चाय पान की दुकानों पर भटकना पड़ता है, जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना महिला यात्रियों को उठाना पड़ता है,साथ ही साथ मनचले युवकों की छीटाकशी का भी शिकार होकर महिला यात्रियों को अपमान का कडवा जहर पीने मजबूर होती है, लोगों का कहना है कि शासन द्वारा बाजार मे यात्री प्रतिक्षालय की मांग लम्बे समय से की जा रही है। मगर इस ओर आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि व नेता ने ध्यान नही दिया है, यदि गौर किया जावे तो कौड़िया बाजार में प्रतिदिन कोठिया, लिलवानी, सूकरी, नरवारा, बिचुआ, चिर्रिया, महगवां, सडूमर, करहैया, सलैया, देगवा, सुपारी सहित अनेक गांवों के लोगों का आना जाना होता है,मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय न होने के कारण यहां वहां भटकते रहते है जिसमें गर्मी के समय में तो यात्रियों को धूप की मार का भी सामना करना पड़ता है। वही दूसरी ओर साप्ताहित बाजार लगने के दिन शानिवार को स्थिति और भयानक हो जाती है, जिसके चलते क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से शीघ्र यात्री प्रतिक्षालय बनाये जाने की मांग की गई है।

### गांव गांव खुले पडे शौचालयों की सच्चाई को नजर अंदाज किया जाना पड़ रहा है भारी

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। देश को स्वच्छ व स्वास्थ्य बनाने की सोच के चलते सरकार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता की मुहिम के चलते जिस प्रकार से लगभग चार वर्ष पूर्व जिस प्रकार से जिले से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा अपनी वाही वाही लूटने के लिए जिले को बाह शौच घोषित मुक्त कराये जाने की जो रामलीला की गई थी, उसको लेकर स्थानीय अखबारों द्वारा लगातार इस बात को उजागर किया जा रहा था कि जब लोगों के घरों में अभी तक शौचालयों का निर्माण हुआ ही नही है तो फिर आखिर में जिला बाह्शौच मुक्त घोषित कर कैसे दिया...? मगर इस बात को लेकर न तो उस समय जिले के नेताओं द्वारा ध्यान दिया गया और न ही विपक्ष में बैठी हुई राजनीतिक पार्टीयों द्वारा जिसका परिणाम यह हुआ कि जिला स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से अपनी वाही वाही लूटने के लिए संपूर्ण जिले को इस प्रकार से लगभग चार वर्ष पूर्व प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा बाह्शौच मुक्त घोषित कराते हुए सम्मान पाया गया था।

अपने बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावकों ने संजोये अनेक सपने, नगर के अंदर से गुजर रहे भारी वाहनों से मासूमों की जिन्दगी पड़ सकती है संकट में...?

# न्यू शिक्षा सत्र की शुरूआत से शालाओं में बिखरेगी रौनक व चहल पहल

## आज से नया शिक्षा सत्र शुरू होने के चलते सड़को पर नजर आयेंगे देश का भविष्य सॅवारने वाले मासूम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।







प्रतिवर्ष देखा जाता है कि सही मायने में नये शिक्षा सत्र की शुरूआत 1 जुलाई से होती है। यह बात अलग है कि शासन द्वारा कुछ फेर बदल करते हुये इसकी शुरूआत भले ही अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहले से कर दी गई है। मगर इसके बाद भी लोगों के दिलों में एक जुलाई घर करके बैठा हुआ है जिसके चलते आज संकटो से मुक्ति दिलाने वाले भगवान संकट मोचक हनुमान जी के प्रिय माने जाने वाले दिन मंगलवार से होने जा रही है। वही आज का दिन शहर के उन बच्चो, किशोरो के नाम समर्पित होने जा रहा है जो भविष्य में शिक्षित होकर प्रदेश, देश, समाज के विकास में सहभागी बनने के साथ अपनी प्रतिभा में निखार लाते हुए शहर को गौरवान्वित करेंगे। क्योंकि नया शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले दिन के पूर्व सोमवार को लोगों के घरो का वातावरण भी बदला हुआ दिखायी पड़ रहा था। क्योंकि जहां इस समय बारिश का दौर शुरू होने से मौसम खुशनुमा देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर ग्रीष्म अवकाश के दौरान आनंद मनाकर अपनी शाला में पढ़ने जाने वाला कोई मासूम बच्चा अपने पापा से शाला की ड्रेस, रंगीन छाता, किताबे, कापियां, टिफिन बाक्स, कम्पास दिलाने की हठ करते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि कोई मासूम बच्चा अपनी मॉ से फरमाईश कर रहा था कि स्कूल जाने के पहले उसके टिफिन बाक्स में रोज बदलकर खाने की नई चीजें रखी जाएॅ। इस प्रकार से आलम यह था घरो में बच्चों के बेहतर भविष्य के खातिर भीषण महॅगाई से जंग लड़ रहे अभिभावक बच्चो की हर फर माईश पूरी करने की व्यवस्थाओं में जुटे हुए थे और नगर के माहौल को देख अहसास हो रहा था कि मॉ सरस्वती की वीणा के सारे तार झनकार मारने के लिये आतुर हो उठे है। उल्लेखनीय है कि आज 1 जुलाई से शहर की शासकीय, निजी शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज होने जा रहा है। इस वर्ष दुर्भाग्य से बादलो के मिजाज के चलते जिस प्रकार से मौसम के खुशनुमा होने से ठंडक के बीच बीच गर्मी का मजा लेने से नही चूकेगे। वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बच्चों से भीषण गर्मी के दौरान बीता हुआ शिक्षण सत्र को समाप्त किया गया था। उस गर्मी को भुलाकर नये शिक्षण सत्र की शुरूआत कर सकते है..? इस तरह खुश मिजाज मौके के चलते इस बात की पूरी उम्मीद है कि आज मंगलवार को शहर की सड़कों पर आकर्षक परिधानो में सजे हॅसतें, मुस्कराते हुए बच्चे, साईकिलों पर सवार स्कूल जाने बेताब किशोर बड़ी संख्या में नजर आएॅगे तथा गर्मियो की छुट्टियों में वीरान शहर की शालाओं की रौनक की वापिसी होगी। विदित हो कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने के चलते पुस्तक विक्रेताओं की दुकानो पर अभिभावको की भीड़ बढ़नें लगी है और नयी शालेय सामग्री बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है। वही पुस्तक विक्रेताओं का कहना है कि इस वर्ष किताबे, कापियों तथा बच्चो के उपयोगी अन्य सामान की कीमतो में खास ईजाफा नही हुआ है तथा उनकी ओर से यह कोशिश की जा रही है कि बच्चो को एक ही बार में कोर्स की सारी किताबे उपलब्ध करायी जाएॅ। वही देखा जा रहा है कि आज से शालाओं में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बावजूद शिक्षा व्यवस्था सम्बंधी अनेक कमियॉ रह गयी है? वही नगर की चमकती, दमकती अशासकीय शालाओं में फीस वृद्धि, डोनेशन वसूली का खेल जारी है। वही दूसरी ओर स्कूल चले हम अभियान की आशा जनक सफलता न होने की वजह से गरीब परिवारो के बहुत से बच्चे शिक्षा हासिल करने से वंचित रहते हुए जान पड़ रहे है? यह बात अलग है कि सरकार द्वारा शुरू किये गये स्कूल चले हम अभियान को स्थानीय अधिकारियों की हड धर्मिता व उदासीनता के चलते अमली जामा सही रूप से नही पहनाया जा सका है..? शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के उद्वेश्य से अनेक प्रकार के अभियान चलाते हुए बच्चों को शिक्षा की ओर रूख करने के लिए प्रयास किये गये है। मगर जब अनेक बच्चों को स्कूली पुस्तकों की जगह जहां तहां कबाड़ बीनते हुए देखा जाता है तो शासन द्वारा चलाई जाने वाली सभी योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है..? क्योंकि आज भी अनेक बच्चें इस प्रकार से मिल सकते है जिन्हें शायद पता ही नही होगा कि आज से नया शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है तो फिर आखिर में किस प्रकार से सफल हुआ स्कूल चले हम अभियान...? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो स्कूली बच्चों के हित में यातायात व्यवस्था को सुधारने में पुलिस नाकाम दिखाई दे रही है, इसके अलावा नगर की शासकीय प्राथमिक शालाओ की दुर्दशा पर भी ध्यान नहीं दिया गया है, जिसके चलते अनेक शासकीय शालाएं जहां खंडहर में तब्दील होते हुए नजर आ रही है, जिनमें सांप गुहरे आराम फरमा रहे है तो कुछ शालाओं में रात के समय होने वाली शराब खोरी के चलते शराब की बोतले पड़ी हुई है? इतना ही नही अनेक स्कूल आज भी अतिक्रमण में चपेट में देखे जा रहे है। जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि स्कूल चले हम अभियान के दौरान जब कार्य शालाओं का आयोजन किया गया था तो अधिकारियों द्वारा शासकीय शालाओं के पास से शिक्षा सत्र शुरू होने के पूर्व अतिक्रमण हटाने की बात कही गई थी। मगर वह बात मात्र बैठक तक ही सीमित नजर



आई...? वही नये शिक्षा सत्र को लेकर अभिभावको की माने तो नगर की अनेक शासकीय शिक्षण संस्थओं में जरूरी विषय नही होने से बच्चे मायूस होते हुये देखे जा रहे है जिसकमे चलते यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा शिक्षा देने की दिशा में कारगर पहल नही की गयी है जिसके चलते जहां नगर के बच्चों को अनेक विषय से बंचित होते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो नगर की अनेक शासकीय व निजी शालाओं में लायब्रेरी और मूलभूत सुविधाओं से छात्र, छात्राओं को महरूम होना पड़ रहा है? वही दूसरी ओर आज मंगलवार से नए शिक्षा सत्र के आगाज होने पर अभिभावको ने मॉग की है कि शहर की शासकीय शालाओं में पर्याप्त शिक्षक रखे जाएॅ, जो शिक्षक अकर्मण्य और नशा करने के आदी है उन्हे हटाया जाए, शालाओं के आस पास के अतिक्रमण हटाये जाए, स्कूलो के खेलकूद के मैदानो को व्यवास्थित स्वरूप दिया जाए, महापुरूषो की जयंती कार्यक्रम तथा बच्चो को संस्कारित करने वाले विविध आयोजन करने हर स्कूल प्रचार्य को निर्देशित किया जाए तथा प्रदेश सरकार की हर बच्चे को शिक्षित करने की मंशा को पूर्ण किया जाए, अभिभावको ने शासन प्रशासन से शासन प्रशासन ने नगर की शासकीय शालाओं के कायाकल्प कराने की भी गुहार लगायी है। साथ ही साथ पुलिस प्रशासन से अपेक्षा जताई गई है कि जिस प्रकार से नगर में स्कूलों के समय यानि की दोपहर 10 बजे से 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा हुआ है उसका सख्ती के साथ पालन किया जावे। क्योंकि इस समय नगर का वायपास मार्ग शुगम नही होने से दिन भर भारी भरकम वाहनों की धूम मची हुई देखी जा रही है वह निश्चित ही मासूमों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने में कोई कसर छोड़ते हुये दिखाई नही दे पा रही है?

# गुरु पूर्णिमा और मोहर्रम की तैयारियों को लेकर सांईखेड़ा पुलिस थाने में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में हर साल गुरू पूर्णिमा पर्व के दौरान जिस तरह भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है उस दौरान यहां की व्यवस्थाये बनाना प्रशासन के लिये मुश्किल होने से नही चूकता है। इस तरह आने वाले 10 जुलाई को पड़ने वाली गुरू पूर्णिमा तथा 6 जुलाई को मुस्लिम भाईयों के मुहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुये बीते हुये दिवस सांईखेड़ा पुलिस थाने में थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि 10 जुलाई को होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं उसके पहले पढ़ने वाले मोहर्रम के आयोजन के लिए नगर में जरूरी व्यवस्थाये बनाये जाने तथा नगरवासियों के सहयोग पर इस बैठक में चर्चाये करते हुये सुझाव मांगे गये। ज्ञात हो कि हर साल गुरु पूर्णिमा उत्सव को नगर का नगर उत्सव के रूप में मनाते हुये अनेक प्रकार के आयोजन किये जाते है। क्योंकि इस दौरान क्षेत्र के साथ साथ देश के कोने कोने से दादा भक्तों का आना होता है। वही गुरु पूर्णिमा के एक दिन पहले दादाजी धूनी वालों की भव्य पालकी यात्रा निकल जाती है तथा प्रसादी वितरण किया जाता है। इस दौरान मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होने से नही चूकती है। मगर इस बार गुरूपूर्णिमा पर्व बुधवार के दिन पड़ रहा है। इसी दिन यहां साप्ताहिक बाजार होने के कारण यातायात पर अधिक दबाव पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इसी बात को लेकर इस समस्या से निदान पर चर्चा करते हुये निर्णय लिया गया कि यात्रा से पूर्व नगर के मुख्य मार्ग के दोनों ओर पुलिस प्रशासन द्वारा भारी वाहनों का नगर में प्रवेश प्रतिबंध कर दिया जाएगा तथा मुख्य मार्ग पर लगने वाली दुकानों को भी नगर परिषद द्वारा अन्यत्र स्थान पर लगवाया जाएगा । गुरु पूर्णिमा को नगर उत्सव में धार्मिक यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस हेतु पेयजल व्यवस्था शौचालय, प्रकाश, चिकित्सा एवं पार्किंग जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने हेतु शांति समिति की बैठक में व्यापक चर्चा की गई तथा उचित निर्णय लिए गए । आयोजित की गई शांति समिति की बैठक में नगर पालिका के अधिकारीओं के आलवा तहसील कार्यालय सहित नगर के सभी गणमान्य जन सहित पत्रकार मौजदू रहे।

# काबरा मेमोरियल स्कूल की हॉस्टल में करेन्ट लगने से हुई छात्र की मौत







## संस्था प्रबंधन के साथ साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर खड़े हुये सबाल...?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



इस समय नगर में जिस तरह निजी शिक्षण संस्थाओं की भरमार देखने मिल रही है और उन संस्थाओं को जिन शर्तो के आधार पर मान्यताये प्रदान की गई है इस सच्चाई का पता लगाने के लिये शायद जिम्मेदार अधिकारियों के पास समय ही नही है या फिर मिलीभगत का परिणाम वह सच्चाई को अनदेखी करने का परिणाम है कि निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले मासूमों की जिन्दगी खतरे से खाली साबित नही है..? क्योंकि जिले से लेकर ब्लाक स्तर के अधिकारियों के जिस प्रकार से प्रमुख पद माँ लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते प्रभारियों के भरोसे सौपे गये है उसका परिणाम है कि निजी शिक्षण संस्थाओं नियमों को दर किनार करते हुये अपनी मनमानी पर उतारू होते हुये छात्र छात्राओं के जीवन को खतरे में डालने से नही चूक रहे है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार को उस समय देखने मिली जब नगर के काबरा मेमोरियल स्कूल में संचालित हॉस्टल में कक्षा बारहवी के छात्र को करेन्ट लगने के कारण मौत हो जाने की घटना ने संस्था प्रबंधन के साथ साथ जिले से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की उदासीनता पर सबाल खड़े करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? बताया जाता है कि नगर के कामती मार्ग पर स्थित काबरा मेमोरियल स्कूल जो सीबीएससी की मान्यता के साथ कक्षा बारहवी तक संचालित होता है। वही इस संस्था में बाहर से पढ़ाई करने के लिये आने वाले छात्रों के लिये हॉस्टल की सुविधा भी प्रदान किये हुये है। इस तरह हॉस्टल में निवास करने वाले कक्षा बारहवी के छात्र सुमित पिता शरद गुर्जर उम्र लगभग 18 साल ग्राम अमोदा निवासी को बीते हुये रविवार की शाम हॉस्टल के ऊपरी भाग में करेन्ट लगने के चलते उसकी मौत होने की खबर जब छात्र के परिवारजनों सहित अन्य अभिभावकों को लगी तो आक्रोश का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया था। वही घटना की जानकारी मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा सहित नगर निरीक्षक विक्रम रजक तुरंत काबरा मेमोरियल स्कूल घटना स्थल पर पहुंचे। वही दूसरी ओर जब मृतक छात्र के शव को शासकीय चिकित्सालय लाया गया और उनके परिजनों के विलाप को देखते हुये वहां पर मौजूद हर व्यक्ति की आंखों में आंसू आने से नही चूक पा रहे थें और लोगों की भीड़ एकत्र होने के साथ साथ लोगों में शिक्षण संस्था प्रबंधन के ओर आक्रोश फूटने से नही चूक रहा था। इस तरह स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये चिकित्सालय परिसर सहित स्कूल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। वही घटना के कुछ प्रत्यादर्शी छात्रों द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया है कि हम लोग सभी सुमित के साथ हास्टल में रहते है। बीते हुये कुछ दिनों से हास्टल में पानी नही आ रहा था इस बात की शिकायत वहां पर तैनात रहने वाले कर्मचारियों सहित शिक्षकों से भी की गई थी। मगर इसके बाद सुधार नही होने के चलते बीते हुये रविवार को जब हमने शिकायत की गई तो इस जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा सुमित से कहा कि ऊपर जाकर बाल चालू कर दो इस तरह सुमित के साथ तीन छात्र गये हुये थें और सुमित बाल चालू कर रहा था उसी दौरान एक डोरी में बने हुये कट से टच होने के कारण सुमित को करेन्ट लगने से वह गिर गया साथ में गये हुये अन्य छात्रों से सुमित को बचाने का प्रयास किया गया तो उनको भी करेन्ट लगा है। इस तरह छात्रों ने जिस तरह की सच्चाई को उजागर किया गया है वह निश्चित तौर से शिक्षण संस्था प्रबंधन के साथ साथ हास्टल के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करने से नही चूक रही है..? इस घटना की सच्चाई पर यदि नजर डाली जावे तो जिला स्तर से लेकर ब्लाक स्तर के अधिकारी भी उतने ही जिम्मेदार माने जाने से इंकार नही किया जा सकता है..? क्योंकि निजी शिक्षण संस्थाओं से लेकर उनमें संचालित होने वाली हास्टल की देखरेख की जिम्मेदार प्रशासन स्तर पर इन अधिकारियों की भी होती है जो समय समय पर दौरा करते हुये उसका निरीक्षण कराना चाहिये। वही शिक्षा विभाग के नियम के अनुसार बताया जाता है कि इसके लिये बीआरसी की नियुक्ति शिक्षण संस्था के निरीक्षण व वहां की व्यवस्थाओं को देखने की जिम्मेदारी बताई जाती है..? मगर इस घटना ने जिस तरह ब्लाक स्तर के अधिकारियों की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत को उजागर किया वह चिंताजनक साबित होने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावको में अधिकारियों के खिलाफ रोष पैदा होने से नही चूक पा रह है..? क्योंकि ब्लाक स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अनेक अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन करने की जगह राजनीतिक गतिविधियों में लिप्त रहते हुये अधिक देखा जाता है..? वही घटना के संबंध में जब सांईखेड़ा ब्लाक शिक्षा अधिकारी से संपर्क करते हुये चर्चा की गई तो उनके द्वारा घटना पर कहा गया कि घटना बहुत दुखित है और इसकी हमारे द्वारा जांच कराते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी..? इस तरह काबरा मेमोरियल स्कूल की हास्टल में करेन्ट से हुई छात्र की मौत को लेकर मर्ग कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही पुलिस अधिकारियों द्वारा भी मामले की जांच करते हुये दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का भरोसा दिया गया है।

# मादक पदार्थो का धड़ल्ले से हो रहा विक्रय बिगड़ रहा सामाजिक माहौल, नशा मुक्ति अभियान हो रहा फेल



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। समय साक्षी है कि जिस शहर में कभी ढूढे शराब और अन्य मादक पदार्थ नही मिलते थें। वही वर्तमान में धड़ल्लें से शराब बिक रही है और कई ठिकानों पर रहस्मय तरीके से गॉजा सहित अन्य मादक पदार्थ भी बेचे जा रहे है तो दूसरी ओर स्मेक सहित अन्य प्रकार के मादक पदार्थो के सेवन करने वाले नौजवानों की तादाद बढ़ती चली जा रही है। शराब की जनप्रियता का आलम यह है कि मदिरा पीना अब फैशन में तब्दील होने से सुरा प्रेमियों के क्रिया कलापो पर कम ही ध्यान दिया जा रहा है पर दुर्भाग्य से अब यह सच्चाई उजागर होने से रूक नही पा रही है कि मादक पदार्थो के निर्वाध विक्रय से सामाजिक माहौल तो बिगड़ ही रहा है। वही इसके साथ ही नशा युवाओं, किशोरों का स्वास्थ्य भी चौपट कर घरों को तबाह कर रहा है। क्योंकि शराब के गांव गांव विक्रय होने से अनेक परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंचने से नही बच पा रहे है। युवाओं में नशे के कारण समाज की मर्यादाएॅ तार तार हो रही है और क्षेत्र में अशोभनीय घटनाएॅ घटित हो रही है। गौरतलब है कि नशे के दुष्परिणामों का असर सिर्फ शहर में ही नहीं बल्कि क्षेत्र के गांवो में सरेआम जाम छलका कर अपना समय व्यर्थ गॅवाने लगे है। हालत यह हो गयी है कि शहर, गांवो की रौनक को विनष्ट करने वाले नशे की रोकथाम में नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियो सहित समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि नाकाम साबित हो रहे है और पूर्व में चलाये गए नशामुक्ति अभियानों को भी पलीता लगा दिखायी पड़ रहा है। बरते हुये 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस था, जिसमें स्वाभाविक है कि प्रशासन की ओर से समाज को नशे के दुष्पारिणामो से अवगत कराने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किये जाने की संभावना से इंकार नही किये जाने की संभावना व्यक्त की गई थी। मगर दुर्भाग्य का विषय है कि इस तरह से इस तरह का कोई कार्यक्रम आयोजित नही हुये। शहर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि फिलहाल नशे से अटकी युवा पीढ़ी को राह पर लाना बहुत बड़ी चुनौती है? क्योंकि इस समय जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि अपनी ऊपर तक पहुंच रखने वाले लोगों के हाथों में नशे का कारोबार होने के चलते वह गांव गांव शराब का विक्रय कराने से नही चूक रहे है और इसी का परिणाम है कि युवाओं में नशे की लत का इजाफा हो रहा है उसमें देखा जाता है कि अच्छे बढ़े लिखे युवा बगैर नशे के रह नही पा रहे है? इस बात की पड़ताल प्रशासन और नशा मुक्त समाज बनाने के पक्षधरो नेताओं को कराना आवश्यक हो गया है कि आखिर के कौन से कारण, परिस्थितियॉ है, जिनके चलते अधिकतर युवा और किशोर निरंतर शराब को कंठ से उतारते जा रहे है? साथ ही इस बात पर भी चिंतन किया जाना चाहिए पूर्व में नशा मुक्त समाज बनाने की लाख कोशिशो के बाद भी अभी तक युवाओं, सुरा प्रेमियो से शराब सहित अन्य मादक पदार्थो का मोह छूट क्यों नही पा रहा है। गरीब, मजदूर पेशा अखिरकार क्यों सस्ती मदिरा पीकर अपनी खून पसीने की कमाई क्यो लुटा रहे है? जो लोग सही मायने में समाज को नशा मुक्त बनाने की चाह रखते है उनका मत है कि नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हमे धार्मिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक कार्यक्रमों का ग्राफ बढ़ाना होगा? सीनियर शराब पीने के शौकीनो को सबसे पहले शराब का परित्याग कर युवाओं, किशोरो को यह समझाईश देनी होगी कि शराब व मादक पदार्थो का सेवन अच्छी सोच पर प्रहार कर मनुष्य को विपथगामी बना उसके सर्वनाश का कारण बन जाती है और नशा करने के आदी युवा अपने मॉ, बाप, भाई बहिन, पड़ौसियों के लिए कितने तकलीफदेह बन जाते है। वही दूसरी ओर लोगों की मांग है कि नशामुक्ति संबंधी कार्यक्रम कागजों की जगह सही तरीके से होना चाहिये।

# मानसून के मेहरबान होने से खिले किसानों के चेहरे, मौसम हुआ खुशनुमा



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

कई दिनो से मानसून आने की वाट जोह रहे क्षेत्रवासियो को बीते हुये आगमन होने के बाद गाडरवारा सहित क्षेत्र में झमाझम बारिश ने यह राहत भरा अहसास कराया कि लगातार तरसाने के बाद मानसून ने दस्तक दे दी है। इस बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान तो देखने मिल ही रही है तो दूसरी ओर लोगों को गर्मी से राहत मिलने की भी उम्मीद जागी है। क्योंकि सोमवार को सुबह, शाम बादलो के मेहरबान होने से रिमझिम बरसात हुई जिससे माहौल में ठंडक घुलने के साथ शहरवासियो को उमस, गर्मी से निजात मिलते हुये देखा गया। इस तरह शुरूआती मानसूनी वर्षा के दौरान कई वार्डो, कालोनियो, सार्वजानिक स्थानो पर जल भराव के नजारे दिखायी पड़े तथा बच्चो,युवाओं ने बरसते पानी में घूमने का आनंद लिया। इस तरह शुरू हुये बारिश के सिलसिले से हालॉकि जनजीवन अस्तव्यस्त होने से इसलिये नही चूक पाया। वही दूसरी ओर देखा जावे तो खरीफ फसलो की बोवनी करने वाले क्षेत्रीय किसानो के चेहरे जरूर खिल उठे तथा उन्होंने अपने कृषि कार्यो को गति देने शुरूआत कर दी गई है। गौरतलब है कि मानसून आने में देरी से क्षेत्र के किसान लम्बे समय से हलाकान थे तथा उन्हे भय था कि कही बारिश न होने से उनकी खरीफ फसलो की पैदावार पर असर न पड़े इस बात की चिंता सता रही थी तथा अन्नदाता किसान सुबह शाम आसमान की ओर टकटकी लगाये हुये देखे जा रहे थें। जानकारी के अनुसार बीते हुये सप्ताह से शहर की अपेक्षा क्षेत्र के अनेक गांवो में लगातार तेज बरसात हुई है, जिससे मौसम खुशनुमा होते हुये दिखाई दिया तो दूसरी ओर धान उत्पादक किसान विशेष उत्साहित नजर आ रहे है।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री ने 645 निर्माण कार्यों का किया ऑनलाइन लोकार्पण, बोले जल संरचनाओं से बढ़ेगा जल स्तर



**डिंडोरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर सोमवार को जिले की जिलाए जनपद एवं ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 645 विकास कार्यों का ऑनलाइन लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेशभर में ग्राम पंचायत स्तर पर नवीन जल संरचनाएं तैयार की गई हैं तथा पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया गया है। इससे जल स्तर में सुधार होगा और जल संकट से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन संरचनाओं के रख.रखाव की जिम्मेदारी हम सभी की है।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि आगामी जुलाई माह में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगाए जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया गयाए जिसमें जल संरक्षण को लेकर विभिन्न रचनात्मक पहल की गईं। डिंडोरी जिला पंचायत सभाकक्ष में हुए मुख्य कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्तेए उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहारए जिला सीईओ अनिल कुमार राठौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री ने अंत में सभी नागरिकों से जल संरक्षण व वृक्षारोपण के प्रति जागरूक रहने और इन प्रयासों को जन आंदोलन में बदलने की अपील की।

### 12 व्यापारियों से दस किलो अमानक पालीथिन की जब्त

**डिंडौरी।** शहर में अमानक पॉलिथीन में सामान बिक्री कर रहे व्यापारियों की दुकानों में रविवार को नगर परिषद अमले द्वारा छापामार कार्यवाही कर पालीथिन जब्त करने के साथ जुर्माना भी लगाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी के निर्देशन में निकाय के कर्मचारियों द्वारा छापेमार की कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान 12 व्यापारियों से लगभग 10 किलो अमानक पॉलिथीन जब्त की गई। साथ ही संबंधित व्यापारियों पर 2800 रूपये जुर्माना किया गया। नगर परिषद अमले द्वारा व्यापारियों को समझाइश भी दी गई कि अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करे और ग्राहकों से भी घर से थैला लाकर सामान लेने के लिए अपील करें। नगर परिषद द्वारा भी लोगों से अपील की गई है कि सामग्री लेने के लिए बाजार अथवा दुकान जाते समय अपने घर से थैला लेकर जाएं और उसमें सामान ले पॉलिथीन का बहिष्कार करें। साथ ही नगर में बेतरतीब तरीके से खड़े हो रहे ऑटो रिक्शा पर निकाय व यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए उक्त ऑटो रिक्शा को निर्धारित स्थान में खड़े होने के लिए समझाइश दी गई।





डिंडौरी-मंडला मार्ग किया जाम

# बिजली-पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

अमरपुर जनपद की ग्राम पंचायत किसलपुरी के ग्रामीणों ने सोमवार सुबह बुनियादी सुविधाओं की घोर अनदेखी के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए डिंडौरी.मंडला मुख्य मार्ग को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। बिजली और पानी की समस्या से बुरी तरह त्रस्त ग्रामीणों ने अपने हाथों में खाली बर्तन लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क पर बैठकर विरोध जताया। यह चक्का जाम सुबह 9 बजे शुरू हुआ और अधिकारियों की तत्परता के बाद दोपहर करीब 12 बजे समाप्त हो सका।

### नहीं सुनी जा रही थी फरियादए टूटा ग्रामीणों का सब्र

ग्रामीणों का कहना था कि वे बीते 9 दिनों से बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव के दोनों ट्रांसफार्मर जल चुके हैं और विभाग को कई बार सूचित करने के बावजूद न तो मरम्मत हुई और न ही नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है और हैंडपंप व कुएं भी जवाब दे चुके हैं। ऐसे में ग्रामीण पूरी तरह नल.जल योजना पर निर्भर थेए जो ट्रांसफार्मर जलने के कारण बंद हो चुकी थी।

### प्रशासन मौके पर पहुंचाए

### नया ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू

जाम की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिसए तहसीलदार डिंडौरी एवं बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। मगर जब तक समाधान की ठोस कार्रवाई नहीं हुईए ग्रामीण अड़े रहे। अंततः अधिकारियों ने तुरंत नया ट्रांसफार्मर मंगवाया और उसके इंस्टॉलेशन का कार्य शुरू करवाया। जब कार्य शुरू हुआए तभी ग्रामीण शांत हुए और जाम हटाया गया।

### आवागमन हुआ बाधितए यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

चक्का जाम के दौरान डिंडौरी से मंडला और मंडला से डिंडौरी की ओर आने.जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सैकड़ों यात्री गर्मी में फंसे रहे और कई स्कूली वाहन भी प्रभावित हुए। प्रशासनिक ढिलाई के कारण यह असुविधा यात्रियों को झेलनी पड़ी।

### ग्रामीण बोले . केवल वादा नहींए समाधान चाहिए

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में भी बिजली.पानी जैसी बुनियादी जरूरतों की अनदेखी की गईए तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि उन्हें केवल आश्वासन नहींए स्थायी समाधान चाहिए।

# डिण्डौरी में सूने मकान में चोरी, लाखों के जेवर व सामान पार, अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज

**डिण्डौरी।** नगर के पुरानी डिण्डौरी स्थित वार्ड क्रमांक 14 में एक सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरए नकदी व घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता ;बीएनएसद्ध की धारा 331;4द्धए 305;द्के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसारए मकान मालिक 23 जून की सुबह करीब 7 बजे अपने परिवार सहित पैतृक गांव रूसा घानामार गए थे और मकान में ताला बंद था। 29 जून की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसी नंदकुमार ने फोन कर जानकारी दी कि मकान का गेट खुला हुआ है और ताला टूटा हुआ दिख रहा है। सूचना मिलने पर जब मकान मालिक मौके पर पहुंचेए तो पाया कि मुख्य गेट का लोहे का ताला टूटा हुआ था और भीतर कमरे की एलड्रॉप का हुक भी टूटा मिला।

मकान के अंदर की तीन अलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर सोने का 1 मंगलसूत्रए सोने की 1 झुमकीए चांदी की करधनए 2 जोड़ी पायलए 3 जोड़ी बिछियाए 1 जोड़ी कांसे की थालीए 7 नग वटुआए 4 बड़े कटोरेए 3 लोटाए पीतल की 4 गुंडीए 5 पैनाए 3 दौरीए एक की.पैड मोबाइल ;जिसमें सिम लगी हैद्धए एक गैस सिलेंडरए एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल ;क्रमांक ब्ळ 04 फभ 7288 तथा करीब 4 क्विंटल मसूर जो 13 बोरियों में रखी थीए सहित कुल करीब ढाई लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस एवं डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचा और सर्चिंग की गईए परंतु अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# साकेत नगर में आवारा कुत्तों का आतंक, जिम्मेदार बेपरवाह

**डिण्डौरी।** शहर के साकेत नगर क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि स्थानीय रहवासी भय के साये में दिन गुजारने को मजबूर हैं। रोजाना किसी न किसी व्यक्ति खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैंए लेकिन नगर परिषद प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि छोटे बच्चे अब मैदान या गलियों में खेलने नहीं जा पा रहे हैं। अभिभावकों को हमेशा यह चिंता सताती रहती है कि कहीं कोई कुत्ता उनके बच्चे पर झपट न पड़े।

स्थानीय रहवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर परिषद सिर्फ बड़ी घटना का इंतजार कर रही है। पहले भी कुत्तों के हमले से कई बच्चे घायल हो चुके हैंए लेकिन बावजूद इसके न तो कोई पकड़ने की मुहिम चलाई गई और न ही इनके नियंत्रण को लेकर कोई योजना सामने आई है।

### बच्चों में डर का माहौल

साकेत नगर के रहवासियों का कहना है कि मोहल्ले में हर गली में 5 से 10 आवारा कुत्ते झुंड में घूमते रहते हैं। स्कूल से लौटते समय बच्चों पर कई बार हमला किया जा चुका है। सुबहदृशाम टहलने वाले नागरिकों को भी कुत्तों की दहशत से रास्ता बदलना पड़ रहा है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों ने इस विषय को लेकर चिंता जताई है और नगर परिषद से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शहर की गलियों में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के खतरे को नजरअंदाज करना प्रशासन की बड़ी भूल साबित हो सकती है। समय रहते इन पर काबू नहीं पाया गयाए तो कोई बड़ी अनहोनी कभी भी हो सकती है।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले के सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई

**डिंडौरी न्यूज़।** जिले के प्रशासनिक तंत्र में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने भावभीनी विदाई दी। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में शिक्षा विभागए खाद्य विभागए ग्रामीण विकास विभाग और कलेक्टर कार्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉलए श्रीफल और फूलमालाओं से सम्मानित कर विदाई दी गई।



### सेवाभाव और कर्तव्यनिष्ठा का अनमोल उदाहरण बने अधिकारी

इस विदाई समारोह में कलेक्टर कार्यालय के वरिष्ठ वाहन चालक श्री रघुनाथ सिंह मरकामए जिन्होंने 35 वर्षों तक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कलेक्टर वाहन का संचालन कियाए को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहाए श्अपने सेवाकाल में मैंने कई वाहन चालकों के साथ कार्य किया हैए लेकिन श्री रघुनाथ सिंह जैसी कुशलताए संयम और गंभीरता बहुत कम देखने को मिलती है। वह हर परिस्थिति में अनुशासन और सजगता के साथ कार्य करते रहे।

वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समनापुर श्री सीण्पीण साकेतए जिन्होंने 42 वर्षों तक ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ शासकीय सेवा निभाईए आज सेवा निवृत्त हो गए। कलेक्टर ने कहा कि श्री साकेत का अनुभवए कार्य के प्रति समर्पण और विनम्र व्यवहार प्रशासन के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

खाद्य विभाग के अधिकारी श्री एण्केण श्रीवास्तवए जिन्होंने सतना से भर्ती होकर डिंडौरी में 35 वर्ष तक सेवा दीए को भी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। उनके द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनुशासन और पारदर्शिता लाने के प्रयासों की सराहना की गई। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री रति सिंह संेद्रामए जिन्होंने शासन की सेवा में उत्कृष्ट योगदान दियाए आज सेवानिवृत्त हुए। श्री संेद्राम के कार्यकाल के दौरान जिले में शैक्षणिक सुधार और शिक्षकों के प्रशिक्षण में विशेष प्रयास किए गए।

### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके लंबेए समर्पित और अनुकरणीय सेवाकाल के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहाए श्सेवा निवृत्ति जीवन का एक नया अध्याय है। मैं सभी को स्वस्थए सुखद और सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं देती हूं। आपका अनुभव समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेगा।श

समारोह के दौरान उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपने संस्मरण साझा किए और सेवानिवृत्त साथियों के प्रति आभार और शुभकामनाएं व्यक्त कीं। पूरे माहौल में भावुकता के साथ.साथ सम्मान और अपनत्व का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# शाम होते ही बजाग में छा जाता है अंधेरा, बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे



### पुराने उपकरणों के सहारे चल रही सप्लाई, ग्रामीण क्षेत्रों में 10-12 घंटे की अघोषित कटौती

**डिण्डौरी।** सबस्टेशन बजाग के अंतर्गत आने वाले नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जहां एक ओर बरसात के पहले ही बिजली की आंखमिचौली लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैए वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की लाचारी और खामोशी पर उपभोक्ता सवाल उठा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से नगर क्षेत्र के टाऊन फीडर पर हर शाम घंटों बिजली गुल हो जाना आम बात हो गई है। शाम होते ही पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता हैए जिससे लोगों को इमरजेंसी लाइट और मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि बिजली गुल होने के बाद घंटों तक बहाली नहीं हो पाती। दिन में भी लगातार ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या बनी हुई है। बारिश के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विभाग द्वारा ष्लाइन मेंटेनेंसष के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है।

### ग्रामीण फीडरों की हालत और भी खराब

बजाग सबस्टेशन के अधीन आने वाले आउट फीडरों में तो स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में दस से बारह घंटे तक अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। लाइन फाल्ट का बहाना बनाकर कई बार लगातार दो.दो दिनों तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाती है। इससे न केवल ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ता हैए बल्कि विषैले जीव.जंतुओं के खतरे से भी दो.चार होना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल की रोशनी में रातें बितानी पड़ रही हैं। बिजली न होने से पेयजलए पढ़ाईए और घरेलू कार्यों में भारी बाधा आ रही है।

### पुराने उपकरण बने समस्या की जड़

स्थानीय लोगों का कहना है कि बजाग सबस्टेशन में स्थापित मशीनें और उपकरण बेहद पुराने हो चुके हैंए जो अतिरिक्त भार आते ही ठप्प हो जाते हैं। तकनीकी खराबी की स्थिति में बाहर से तकनीकी टीम को बुलाया जाता हैए जिससे सुधार कार्य में लंबा समय लग जाता है। प्री.मानसून मेंटेनेंस के नाम पर विभाग द्वारा किए गए दावे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। लाइन पेट्रोलिंग का भी पूरी तरह अभाव नजर आ रहा हैए जिसके कारण फाल्ट जल्दी पकड़ में नहीं आते और बहाली में घंटों का समय लग जाता है।

### बिजली नहींए तो जीवन ठहर सा गया है

बिजली गुल होते ही मोबाइल चार्जए पंखाए टीवीए इनवर्टर सभी ठप पड़ जाते हैं। व्यापारियों का कारोबारए विद्यार्थियों की पढ़ाईए मरीजों की देखभाल सब पर असर पड़ रहा है।

### इनका कहना है

आऊट फीडरों की लाइन में फाल्ट की समस्या के कारण परेशानी बनी हुई है। सुधार कार्य कराया जा रहा है।

**पन्ने लाल बैगाए जेईए बजाग सब स्टेशन**

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**डिंडोरी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बहुप्रतीक्षित बैठक सोमवारए 30 जून को प्रातः 11 बजे दीदी कैफे में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष श्री राम गोपाल तिवारी ने की। कार्यक्रम में संभागीय उपाध्यक्ष श्री प्रकाश नारायण अवस्थीए वरिष्ठ सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वेए प्रीतम प्रसाद शुक्ला एवं डीण्पीण शुक्ला सहित महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमती सीण्बीण उरैती एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।




बैठक में संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधियाए महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुरए कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षितए उपाध्यक्ष बीण्एमण शुक्लाए प्रभात सोनीए श्यामलाल साहूए सचिव संदीप चौरसियाए महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती उदयवती धुर्वे तेकामए तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में 30 जून 2025 को सेवा निवृत्त होने वाले पेंशनरों का सम्मान किया गया तथा सभी नव.अवतरित पेंशनधारियों को शुभकामनाएं दी गईं।

बैठक का मुख्य फोकस वर्षों से लंबित पेंशन एवं अर्जित अवकाश नगदीकरण के मामलों पर रहा। विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग एवं शिक्षा विभाग के सेवा निवृत्त कर्मियों के प्रकरणों में जिला कोषालय की हठधर्मिता एवं भेदभावपूर्ण रवैये को लेकर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया।


संगठन ने बताया कि विकासखंड अमरपुर के जनशिक्षक श्री रवि कुमार बर्मन ;जो लकवा से पीड़ित हैंद्ध एवं श्री मंदे के प्रकरण पर लगभग पंद्रह दिन पूर्व संगठन के शिष्टमंडल द्वारा जिला कोषालय अधिकारी से प्रत्यक्ष मुलाकात की गई थीए जिसमें अधिकारी ने यह स्वीकार किया कि दोनों प्रकरण उनकी टेबल पर हैं और भूलवश लंबित रह गए हैं। शीघ्र निराकरण का आश्वासन देने के बावजूद आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। चिंता की बात यह भी सामने आई कि कुछ प्रकरणों में भारी राशि लेकर अर्जित अवकाश नगदीकरण ;240 एवं 300 दिवस किए जाने की चर्चा है जो भ्रष्टाचार की ओर संकेत करती है।

# बैठक में इन मुद्दों के शीघ्र समाधान हेतु संगठनात्मक रणनीति तैयार की गई

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई समय.सीमा बैठकए कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

डिंडौरी

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित समय.सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले के विभिन्न विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्माए एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगनए एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावीए डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिकए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में राजस्वए खनिजए कृषिए खाद्यए पर्यटनए शिक्षाए महिला एवं बाल विकासए पंचायतए वनए विद्युत सहित प्रमुख विभागों के लंबित प्रकरणोंए योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्याओं का समाधान शीघ्रता और प्रभावशीलता के साथ किया जाए।कलेक्टर ने तहसीलदारों और एसडीएम को फार्मर रजिस्टी कार्य शीघ्र पूर्ण करने और आगामी राजस्व बैठक में तुलनात्मक चार्ट सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को चेताया कि कोई भी विकासए निर्माण या मनरेगा संबंधी फाइल अनावश्यक रूप से लंबित न रहेए अन्यथा वह सीधे कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।वर्षा ऋतु को देखते हुए स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को हैडपंपए कुएं और नलों में नियमित क्लोरीन ब्लीचिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि जलजनित बीमारियों की रोकथाम हो सके।



अवैध शराब एवं बिक्री पर सख्ती बरतते हुए कलेक्टर ने तहसीलदारों को छापामार कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही नगर परिषद सीएमओ एवं जिला पशु चिकित्सा अधिकारी को पालतू कुत्तों को रैबीज से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से टीकाकरण करवाने के लिए कहा गया।कलेक्टर ने अवैध खनन में संलिप्त ठेकेदारों और एजेंसियों के विरुद्ध जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में केवल शिकायतकर्ता को ही प्रवेश दिया जाएगा। गरीबी रेखा से नीचे ;ठच्स्द्ध सूची में अपात्र रूप से शामिल सचिवए शिक्षक और पुलिसकर्मियों के नाम जांच कर सूची से हटाने तथा अवधारणा योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में अपात्र व्यक्तियों के आवंटित पट्टे निरस्त कर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर कलेक्टर नेहा मारव्या ने अधिकारियों से कहा कि वे जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर लें और जिले में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए सजग एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी पेक्स) बिछिया पंजीयन क्रमांक 222**

क्र./आमसभा/2025/ — **विशेष साधारण आमसभा की सूचना** — बिछिया दिनांक 16.06.2025

समिति के समस्त सम्मानीय सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था में विशेष साधारण आमसभा का आयोजन संस्था का पुनर्गठन किया जा कर नवीन समिति बिलगढ़ा बनाये जाने के संबंध में बी-पैक्स बिछिया कार्यालय में 02/07/2025 दिन बुधवार को समय 12:00 बजे से बैठक रखी गई है। गणपूर्ती (कोरम) मे अभाव मे बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सभा उस स्थान पर आधा घण्टे पश्चात पुन: साधारण सभा की जावेगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी

कृप्या आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है

एजेण्डा :-
1. संस्था के पुनर्गठन के संबंध में विचार।
2. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

समिति प्रबंधक
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पेक्स) बिछिया
पंजीयन क्रमांक 222

## खबर संक्षेप

### डॉ शिखर ब्यौहार का आर्मी अस्पताल में चयन



**नरसिंहपुर।** नगर निवासी डॉक्टर शिखर ब्यौहार आर्मी हॉस्पिटल नई दिल्ली में चयन हुआ। ज्ञात हो कि डॉ. ब्यौहार शुभ नगर निवासरत प्रोफेसर संजीव ब्यौहार एवं कामिनी ब्यौहार के पुत्र हैं प्राथमिक पढ़ाई नरसिंहपुर मे पूरी करने के बाद आगे की पढ़ाई भोपाल एवं इंदौर मे पूरी हुई। वर्तमान मे महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज इंदौर से डै जनरल सर्जरी के पद पर कार्यरत थे। प्रथम बार में ही यह एम सी एच परीक्षा पास कर सिलेक्ट हुए जिसमें इन्हें आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल नई दिल्ली में यूरोलॉजी विभाग में चयन हुआ। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजन एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी। एमएलबी स्कूल मे पदस्थ्य शिक्षिका श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव व अनुविभागीय अधिकारी राजेश श्रीवास्तव के भतीजे है।

### अंकसूची वितरण आज से

**नरसिंहपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 की मूल अंकसूचियाँ जिला समन्वय संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को प्राप्त हो चुकी है। अंकसूचियों का वितरण निर्धारित समय सारणी अनुसार 1 जुलाई से किया जावेगा। जिसमे नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, चॉवरपाठा, चीचली, सांईखेड़ा ब्लाक के प्राचार्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अंकसूची प्राप्त करें। यदि संस्था प्रमुख उक्त निर्धारित समयावधि में अंकसूचियॉ प्राप्त नहीं करते है तो अंकसूचियॉ मण्डल मुख्यालय वापस भेज दी जावेगी। इसके उपरांत संस्थाओं को संभागीय कार्यालय जबलपुर में उपस्थित होकर अंकसूची प्राप्त करना होगा।

### एमपी ट्रांसको में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया आज से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) द्वारा कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं लाइन परिचारक (प्रशिक्षु)-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से एमपी ट्रांसको मुख्यालय, शक्तिभवन, ब्लॉक-2, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र, अंकसूचियाँ एवं अन्य दस्तावेज़ों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा।

### एसपी हटाए जाने की रखी मांग

# जिले में बढ़ रहे अपराध को लेकर राकिम महासंघ ने सौंपा ज्ञापन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा जिले के किसानों की मांगों एवं ज्वलंत समस्याओं के निराकरण एवं जिले में लगातार हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत एक बर्ष से जो घटनाएं घटित हुई है ओर बेहद बढ़ गई है जिनमें अवैध शराब, गांजा, स्मैक, मारपीट, हत्या, छेड़खानी, दुष्कर्म, चोरी आदि एवं अभी-अभी घटित घटना जिसमें एक परिवार की इकलौती बेटी जो कि अपने परिवार की आर्थिक मदद देतु नर्सिंग कोर्स कर रही थी दिनांक 27.06.2025 के दिन दहाड़े जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में युवक के द्वारा एक 18 वर्षीय युवती की हत्या की गयी है जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे है और जिले में लगातार गंभीर अव्याध हो रहे हैं। जिले में लगातार नाबालिगों के साथ बलात्कार व अन्य अपराध यौन शोषण हो रहे हैं जिससे जिले की छवि खराब हो रही है।

#### अपराधियों के बढ़ रहे हौसले

अपराधियों को संरक्षण देना और उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं किया जाना परिलक्षित होता है। पूरे जिले में अवैध तरीके से स्मैक, गाजा, शराब का अवैध व्यापार धडल्ले से चल रहा है जिससे युवा पीढी नशे की लत में दिन प्रतिदिन आती जा रही है और नशे की हालत में सहक दुर्घटनाएँ भी निरन्तर बढ़ती जा रही है। पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते ही ऐसी घटनाएँ बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में कहा गया कि इन घटनाओं के लिए एसपी जिम्मेदार हैं उन्हें हटाया जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश में हो रहे गन्ना उत्पादन का 65 प्रतिशत से अधिक सर्वाधिक उत्पादन नरसिंहपुर जिले में होता है इसलिए किसानों का निवेदन है जिसकी मांग किसान ओर महासंघ कई वर्षों से करते आए है कि जिले में सरकारी शुगर मिल बनाई जाए जिससे जिले के किसानों को प्रोत्साहन, उचित व बाजिव दाम, समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं के साथ जिले में लोगों को रोजगार भी मिल सके।

#### उचित दाम पर किसानों को मिले खाद्य

विधानसभा चुनाव के पूर्व गन्ना किसानों को 50 रुपए प्रति कुंटल बोनस देने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक किसानों को बोनस नहीं दिया गया। किसानों के लिए फर्टिलाइजर व कीटनाशक दवाइयां एवं कृषि यंत्रों व उपकरणों को जी एस टी के दायरे से बाहर रखा जाए जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सके और कृषि कार्य में लग रही लागते कम हो सके। जिले में आवारा मवेशियों और सर्वाधिक जंगली सूअरों के द्वारा किसानों की फसलों को लंबे समय से चैपट (नष्ट) किया जा रहा है। जिसकी शिकायत भी लगातार किसान ओर महासंघ करते आ रहे हैं, पर उनको नियंत्रण करने के लिए अभी तक कोई उचित कदम शासन प्रशासन द्वारा नहीं उठाया गया है। जिससे किसानों को हर फसल में भारी आर्थिक, क्षति उठाना पड़ती है। नियंत्रित करने उचित कार्यवाही और व्यवस्था या नीति बनाई जाए जिससे किसान अपनी फसल को सुरक्षित रख सके।

#### फसल बीमा का दिलाया जाए लाभ

किसानों को कृषि कार्य हेतु खेतों में 1 दिन में 6-6 घंटे की शिफ्ट में 10 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में क्षेत्र को इकाई ना मानकर खेत को इकाई माना जाए, क्योंकि जब किसान की फसल खराब होती है तब उसको फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि इंश्योरेंस कंपनियां हमें जब मुआवजा देती हैं जब हमारे पूरे क्षेत्र की फसलें खराब हो किंतु जब किसी गांव या किसी एक किसान की फसल खराब हो ओर उसका बीमा भी हो तब भी उसे फसल बीमा का मुआवजा नहीं दिया जाता है। मध्यप्रदेश में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 250 प्रतिशत के फार्मूले को लागू किया जाए।मध्य प्रदेश में मंडी चुनाव शीघ्र कराए जाएं। ज्ञापन देते समय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिराज पटेल, संभाग उपाध्यक्ष कमल सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी, जिला प्रवक्ता राकेश कुमार, ठाकुर खूब सिंह, सतीश पटेल, मयंक राय, कमलेश पटेल, ठाकुर सिंह पटेल, अभिषेक राय, नरेश कुमार लोधी, अमित पटेल, रामेश्वर पटेल, कुंदन पटेल, खीरसागर यादव, आनंद ओकास, सुनील लोधी, सत्यम पटेल, बाबूलाल पटेल, गोविंद लोधी, अभी ठाकुर, इंदर पटेल, अखिलेश पटेल, हरि साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे ।

# श्री गणेश देवस्थानम के स्वास्थ्य शिविर में 135 मरीजों को मिला लाभ





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में निःशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर में 135 जरूरतमंद लाभान्वित हुए। श्री द्वारका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी की प्रेरणा से सिद्धपीठ के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार जी पुरोहित की पुण्य स्मृति में उक्त जनहितैषी गणनायक फाउंडेशन ने आयोजित किया।

#### जांच में इनका रहा योगदान

नेत्रालय स्टॉफ के दीपक सराठे (केम्प प्रभारी), उमेश प्रजापति, अफताब खान, झलकन प्रजापति, ऋषभ बैरागी, शुभम पटेल के अलावा गौरव रैकवार, अनुसुइया मेहरा व देवाशीष पुरोहित का विशेष योगदान रहा। शिविर में मोतियांबिन्द के 22, नाखूना के 3 व अक्सूर के 2 मरीज मिले। जिन्हे नेत्रालय द्वारा बस सेवा से झोंतेश्वर अस्पताल ले जाकर उपचार व आपरेशन किया जाएगा। जहां लेंस, चश्मा, भोजन सहित आवागमन निःशुल्क रहेगा। आगुतकों का स्वागत व आभार प्रदर्शन आयोजन के प्रमुख सूत्रधार सुशान्त पुरोहित ने किया। पूर्व में भगवान गजानन का पावन अभिषेक आचार्य कृष्णकांत उदेनिया, पं विनोद मिश्रा ने किया गया।



# योगमय जीवन पुस्तक का हुआ विमोचन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर की लेखिका व इंटरनेशनल योग मास्टर सुश्री इंदु सिंह की योग पर आधारित पुस्तक योगमय जीवन का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। साधना कुंज पब्लिकेशन, देवास एक प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान है जो विभिन्न विषयों पर उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकें प्रकाशित करता है। इस प्रकाशन संस्थान का उद्देश्य पाठकों को ज्ञान और साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। योगमय जीवन पुस्तक योग के माध्यम से जीवन को सकारात्मक और स्वस्थ बनाने के तरीकों पर केंद्रित है। योग में अनुभवी व प्रशिक्षित सुश्री इंदु सिंह ने अपने अनुभव और ज्ञान को इस पुस्तक में साझा किया है, जो पाठकों को योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करती है। मुख्य अतिथि जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरसिंहपुर राजयोगिनी बीके कुसुम दीदी जी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जबलपुर की लेखिका निधि नित्या, योग थेरेपी केंद्र भोपाल की संचालिका विनीता राजन, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नरसिंहपुर की सहायक प्राध्यापक श्रीमती नमिता साहू एवं श्रीमती प्रीति कौरव, ग्राम कठौतिया आश्रम की साध्वी गीतांजलि दीदी के आतिथ्य में यह समारोह सम्पन्न हुआ। विमोचन समारोह में काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की सह-संचालिका नमिता जनोरिया व शासकीय माध्यमिक शाला की अध्यापिका आरती सिंह ने भी अतिथियों के संग मंच साझा किया। इस अवसर पर उपस्थित काया परिवार के समस्त सदस्यों, काया जनकल्याण समिति के मेंबर्स, सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की सक्रिय कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने भी पुस्तक के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और सुश्री सिंह को सम्मनित कर बधाई दी। योगमय जीवन पुस्तक अब पाठकों के लिए उपलब्ध है और इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से खरीदा जा सकता है।

# ब्रम्हकुमारी द्वारा मनाया गया वार्षिक उत्सव, समाजसेवी हुए सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र की तीसवीं वर्ष गांठ स्थानीय दिव्य संस्कार भवन में धूम धाम से मनाया गया। ब्रह्माकुमारी संस्थान की सहयोगी संस्था राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के अंतर्गत समाज सेवा प्रभाव द्वारा में समाजसेवियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल, युवा एवं प्रौढ़ कलाकारों के द्वारा शानदार प्रेरणादाई लघु नृत्य नाटिका तथा मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय देश ही नहीं पूरे विश्व में शांति स्थापना करने का निरंतर सराहनीय प्रयास कर रहा है। जिसकी आज समाज को अति आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा स्वयं पतित पावन परमपिता परमात्मा शिव इस समाज के नवनिर्माण का श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। विगत 30 वर्षों से संस्थान नरसिंहपुर में समाज सुधार का कार्य निरंतर कर रहा है जिसमें आप सभी समाज प्रेमी समाज सेवी बंधुओं एवं लाइट टेंट आदि व्यवसाय से जुड़े हुए आप लोगों ने अपने तन मन धन से अपना अमूल्य योगदान दिया है जिससे अंतरराष्ट्रीय वक्ता ब्र कु शिवानी दीदी के जैसे विशाल कार्यक्रम सफल और संपन्न हुए हैं जिसके लिए आप सभी का स्वागत और सम्मान कर हम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित सभी समाज सेवी बंधुओं का शाल एवं पगड़ी पहना कर स्वागत सम्मान किया। श्रद्धेय दीदी जी ने प्रभु प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। वरिष्ठ सदस्य मुकेश भाई ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर भ्राता जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री, समाज सेवी भ्राता डॉ अनंत दुबे, समाज सेवी भ्राता चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता भ्राता विनय जैन, करेली शुगर मिल प्रबंधक भ्राता आशुतोष अवस्थी, जिला संचालिका राजयोगिनी ब्र कु कुसुम दीदी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# बीजेपी की तानाशाही और साजिश का पर्दाफाश

## पटवारी पर फर्जी एफ आई आई की कड़ी निंदा, कांग्रेस ने लगाया आरोप



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कांग्रेस द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर अशोकनगर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को दर्ज फर्जी एफ आई आर की निंदा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने इसे प्रदेश सरकार की मनमानी और तानाशाही बताया है। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री राजपूत ने कहा कि यह एफ आई आर न केवल बीजेपी की तानाशाही और विपक्ष को कुचलने की साजिश को उजागर करती है, बल्कि पीड़ितों की आवाज को दबाने और सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की उनकी घिनौनी रणनीति का जीता-जागता सबूत है। आपने बताया कि जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत और मीडिया में चर्चा के 10 दिन बाद, यानी 25 जून 2025 को, पीड़ितों ने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मे ओरछा में मुलाकात की। यह स्पष्ट करता है कि पीड़ितों ने स्वतः अपनी शिकायत को पहले कलेक्टर और फिर मीडिया के मामने उठाया था, और श्री पटवारी के कहने पर उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाए। एक जिम्मेदार नेता के रूप में श्री पटवारी ने तुरंत अशोकनगर कलेक्टर से फोन पर बात की और इस मामले में 8 दिनों के भीतर कार्रवाई की मांग की। इस बातचीत के दौरान कलेक्टर ने भी पुष्टि की कि पीड़ितों के आरोप उन्हें 10 जून 2025 को जनसुनवाई में प्राप्त हुए थे। श्री पटवारी ने पीड़ितों के बयान और कलेक्टर से बातचीत का वीडियो उसी दिन मोशल मीडिया पर साझा किया, जो वायरल हो गया। इस वीडियो ने एक बार फिर स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासन की विफलता को उजागर किया। लेकिन विपक्ष के प्रति उनकी घृणा ने इस मामले को एक शर्मनाक मोड दे दिया। 26 जून 2025 को, पीड़ितों ने कलेक्टर को शपथ पत्र सौंपकर अपने बयान में पलट गए और दावा किया कि उन्होंने श्री पटवारी के कहने पर झूठे आरोप लगाए। इसके आधार पर मुंगावली पुलिस ने उसी दिन श्री पटवारी के खिलाफ फर्जी एफ आई आर दर्ज की, जिममें उन पर जातिगत वैमनस्य फैलाने का बेबुनियाद आरोप लगाया गया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को दर्ज फर्जी एफ आई आर को तत्काल रद्द किया जाए। कांग्रेस नेताओं ने नरसिंहपुर में बढ़ते अपराधों पर भी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। जिला चिकित्सालय में खुलेआम एक लड़की की हत्या इस बात को प्रमाणित करती है कि जिले की कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। उक्त मौके पर पं. मैथलीशरण तिवारी, लाखन सिंह पटेल, नरसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, चांवरपाठा ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, चांवरपाठा जनपद अध्यक्ष सोवरन सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता देवेंद्र शुक्ला उपस्थित थे।

# आशीष यादव करेंगे हैदराबाद में मध्यप्रदेश का नेतृत्व, 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा में चयन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

जिले के होनहार खिलाड़ी आशीष यादव का चयन तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित होने जा रही 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा के लिए मध्यप्रदेश टीम में हुआ है। वे 1 से 6 जुलाई तक गाचिबौवली स्टेडियम में होने वाली प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करेंगे। आशीष ने यह उपलब्धि जबलपुर में 2-3 मई को आयोजित राज्य स्तरीय वुशु स्पर्धा में हासिल की। यह प्रतियोगिता खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत रानीताल इंडोर हॉल में हुई थी। इस आयोजन में सिवनी जिला वुशु संघ के सचिव एवं कोच सोहन लाल सेन के नेतृत्व में सिवनी के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जहाँ टीम ने 11 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। आशीष यादव ने कुंगफू सॉफ्ट वेपन्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा में स्थान सुनिश्चित किया। इसके साथ ही वे देवास में भारतीय वुशु संघ द्वारा आयोजित चयन स्पर्धा से भी चयनित हुए हैं। खिलाड़ी महावीर व्यायामशाला, सुभाष वार्ड, सिवनी में प्रशिक्षित हो रहे हैं, जहाँ उन्हें वर्ष भर निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। यह संस्था लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ी तैयार कर रही है। आशीष के राष्ट्रीय स्पर्धा में चयनित होने पर सिवनी विधायक मुनमुन राय, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे, जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस, महावीर व्यायामशाला अध्यक्ष प्रसन्न मालू, तथाशंकर लाल सोनी , मनीष मिश्रा मोनू विधायक प्रतिनिधि, संचालक धीरज पाल , देवेंद्र ठाकुर , अनिल राजपूत, संदीप मिश्रा, भावना गायकवाड़, सुनील मर्सकोले, छिद्दी लाल श्रीवास ,हीरा लाल सोनी , किशोर यादव,रामायण पटेल, चंचल दास आहूजा ,विनोद सोनी, दादू निखिलेंद्र सिंह ,अंकित मिश्रा, राकेश मालवीय, संदीप नेमा, शीतल नामदेव, मनीष साठवने आकाश सोनी, प्रतीक कौशिक ,प्रकाश कुशवाह,संतोष नामदेव, नरेश नामदेव,मनीष तुमन्ने जिला वुशु संघ एवं व्यायामशाला के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।